कम्युनिटी कालेज

सामान्य परिचय

केन्द्र सरकार की नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन (NSQF) योजना अंतर्गत, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) द्वारा मान्यता प्राप्त तथा छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई (CSVTU) से संबद्ध शासकीय कन्या पालीटेक्निक, बैरन बाजार रायपुर परिसर मे कम्युनिटी कालेज का संचालन सत्र 2015–16 से हो रहा है । वर्तमान मे कम्युनिटी कालेज मे वोकेशनल डिप्लोमा (इंटीरियर डिजाईन) पाठ्यक्रम, लेवल III से संचालित है ।

प्रवेश क्षमता, शुल्क व अवधि

कम्युनिटी कालेज मे वर्तमान मे वोकेशनल डिप्लोमा (इंटीरियर डिजाईन) पाठ्यक्रम का संचालन प्रवेश क्षमता 100 (एक सौ) सीट प्रति लेवल के लिए अधिकृत है, जिसमे छत्तीसगढ़ के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी। सीट रिक्त होने पर अन्य राज्य के उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनो पर भी विचार किया जा सकेगा। प्रशिक्षण शुल्क शासन द्वारा स्वीकृत / अनुशंसित लगभग रु. 7000/– (रु. सात हजार) प्रति वर्ष (प्रति लेवल) निर्धारित है । पाठ्यक्रम अवधि 1000 घंटा / एक वर्ष प्रति लेवल है। प्रवेश प्रक्रिया जुलाई–अगस्त मे की जाती है ।

प्रवेश के लिये आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, आयु व स्कोप

वोकेशनल डिप्लोमा (इंटीरियर डिजाईन) पाठ्यक्रम, लेवल III म प्रवेश के लिये आवश्यक न्युनतम शैक्षणिक अर्हता किसी मान्यता प्राप्त संस्था से वोकेशनल कोर्स (इंटीरियर डिजाईन) मे लेवल –II सहित कक्षा 10 वी या कक्षा 10 वी उत्तीर्ण होना चाहिये । वोकेशनल कोर्स (इंटीरियर डिजाईन) मे लेवल –II सहित कक्षा 10 वी उत्तीर्ण उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी। लेवल –IV एवं लेवल –V मे प्रवेश हतु क्रमशः लेवल– III एवं लेवल– IV उत्तीर्ण होना चाहिये । आयु सीमा निर्धारित नही है । लेवल III, IV व V उत्तीर्ण करने पर वोकेशनल डिप्लोमा (इंटीरियर डिजाईन) की पात्रता होगी । विद्यार्थी चाहे लेवल III मे अर्जित प्रशिक्षण के आधार पर अपना व्यवसाय या रोजगार कर सकते है और अधिक प्रशिक्षण चाहने पर अगले लेवल मे प्रवेश ले सकते हैं । अर्थात् तीनो लेवल एक साथ करने की बाध्यता नही ह ।

रोजगार के अवसर

नये राज्य के रुप मे तेजी से विकास कर रहे राज्य छत्तीसगढ मे इंटीरियर डिजाईन के क्षेत्र मे रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी अर्जित प्रशिक्षण के आधार पर इस क्षेत्र मे स्थापित प्रतिष्ठानो मे अपनी सेवा देकर वेतन / अनुभव प्राप्त कर अपना स्वरोजगार भी स्थपित कर सकते हैं।

COMMUNITY COLLEGE

Government Girls Polytechnic

Byron Bazar, Raipur

PRESENTATION REVIEW SESSION

BATCH 2017-18

CLASS ROOM